# मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
कार्यालय –कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्माण संभाग दो
अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, जिला–अनूपपुर (म0प्र0) 484220
**Mail id- eecivil2atps@gmail.com**

क्रमांक 001–7300/ 543 चचाई दिनांक, 08 /02/2024

प्रति,

वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल – अनूपपुर (म.प्र)

विषयः–अमरकंटक ताप विद्युत गृह म.प्र.पा.ज.कं.लि. चचाई में प्रस्तावित 1x660 MW सुपर क्रिटिकल इकाई, ताप विद्युत परियोजना की ऐश स्लरी पाईप लाईन हेतु 0.95 हे. वन भूमि म.प्र.पा.ज.कं.लि. चचाई को उपयोग पर देने बावत्।

संदर्भः–आपका पत्र क्रमांक /मा.चि./2024/785 अनूपपुर दिनांक 02/02/2024.

-----

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि अमरकंटक ताप विद्युत गृह म.प्र.पा.ज.कं.लि. चचाई में प्रस्तावित 1x660 MW सुपर क्रिटिकल इकाई में ऐश स्लरी पाईप लाईन हेतु 1180 मीटर लम्बाई एवं 08 मीटर चौड़ाई रकवा 0.95 हेक्टेयर का ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया था। आपके द्वारा स्थल निरीक्षण के उपरांत दिनांक 19.10.2023 श्री स्वर्ण गौरव सिंह, वन परिक्षेत्राधिकारी, अनूपपुर द्वारा स्थल निरीक्षण कर मौका पंचनामा तैयार किया गया। उक्त पंचनामा के आधार पर पुनः उपलब्ध वन भूमि की के.एम.एल. फाइल तैयार की गई तथा परिवेश पोर्टल पर अपलोड की गई है। उक्त के.एम.एल. फाइल अनुसार कुल रकवा 0.685 हेक्टेयर आ रहा है। जिसका संशोधित प्रस्ताव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

संलग्न :– मौका पंचनामा

कार्यपालन अभियंता (सिविल)
निर्माण संभाग–दो
म0प्र0पा0ज0कं0लि. चचाई

प्रतिलिपि :.

1. मुख्य अभियंता (उत्पा.) अ.ता.वि.गृह, म0प्र0पा0ज0कं0लि. चचाई।
2. अधीक्षण अभियंता (सिविल) अ.ता.वि.गृह, म0प्र0पा0ज0कं0लि. चचाई।

कार्यपालन अभियंता (सिविल)
निर्माण संभाग–दो
म0प्र0पा0ज0कं0लि. चचाई

E/D/Subhash/ V.Soni Sir All hindi Letter

Feb 8, 2024, 21:03

Scanned with OKEN Scanner

स्थान-कक्ष क्र. RF 390
दिनांक — 19/10/2023

## मौका पंचनामा

हम गवाहान इस बात का सही-सही तस्दीक करते है कि आज दिनांक 19/10/23 को वनपरिक्षेत्राधिकारी अनूपपुर मय स्टाफ अनूपपुर मौहल्ला सुखा एवं MPPGCL के कर्मचारियों की उपस्थिति में वनमण्डलाधिकारी अनूपपुर के आदेश क्र./मानचि/2022/5635 अनूपपुर दिनांक 8/9/23 अनुसार MPPGCL चचाई मे प्रस्तावित 1×660MV सुपर क्रिटिकल इकाई ताप विद्युत परियोजना की रेल्वे स्लरी पाइप लाइन 0.079 (हे.) वन भूमि उपयोग पर देने बावत बिन्दु क्र. 4 अनुसार आवेदित 8 मीटर रास्ता पाइप वन कक्ष क्र. RF 399 मे मुनारा क्र. 175 एवं 176 के मध्य प्रारंभिक बिन्दु पर वन भूमि 17 मीटर चौड़ी, 168 मीटर की दूरी पर 8 मीटर चौड़ी एवं मुनारा क्र. 175 मीटर पर 2 मीटर चौड़ी वन भूमि शेष पाई गई आवेदक संस्था द्वारा बताया गया जहां पर वन भूमि 8 मीटर चौड़ाई मे उपलब्ध नही है वहा पर राजस्व भूमि की भूमि अधिग्रहित कर ली जावेगी। मौके पर मौका पंचनामा तैयार किया जिसे पढ़कर सुनाकर हम लोगो ने अपने-अपने हस्ताक्षर किए जो सही एवं सत्य है।

पंचनामा मेरे द्वारा लेख किया गया।

(हस्ताक्षर) मौहल्ला सुखा — (हस्ताक्षर) R.A. APR — (हस्ताक्षर) 19/10/23 R.O. APR

(1) Vinod Soni, AE (Civil) → (हस्ताक्षर) 19-10-2023

Feb 8, 2024, 21:03

Scanned with OKEN Scanner